हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 5 फरवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री


4

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ, प्रसाद पाने उमड़े श्रद्धालु




## खबर संक्षेप

### सीएसपीडीसीएल सन्ना में मना रजत महोत्सव



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें वर्ष (रजत जयंती) के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जशपुर संभाग स्थित सीएसपीडीसीएल सन्ना परिसर में रजत महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सन्ना के उप सरपंच बृजेश गुप्ता एवं बीडीसी अनुपम तिर्की रहे। शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए ऊर्जा क्षेत्र में सीएसपीडीसीएल की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि अधिकारियों ने निर्बाध बिजली आपूर्ति, उपभोक्ता सेवाओं तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक अभियंता सुमंत निराला, कनिष्ठ अभियंता प्रमोद सेठ, युगेश पैंकरा, विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राजकीय गीत व भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।

### नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी साथी के साथ भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** बगीचा थाना क्षेत्र एक ग्राम की 16 वर्षीय नाबालिक पीड़िता ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 जनवरी से वह थाना बगीचा क्षेत्र के ही ग्राम में अपने मामा के घर आई हुई थी। उसी दौरान 2 फरवरी को वह अपने भाई के साथ, मामा के गांव के, एक पड़ोसी गांव में करमा नाचने गई हुई थी। इसी दौरान रात्रि तकरीबन 11 बजे के आसपास, आरोपी सुरेश यादव उम्र 26 वर्ष, का पीड़िता के पास फोन आया, व पीड़िता से मिलना चाहता था। चूंकि सुरेश यादव नाबालिक पीड़िता का परिचित था, जिसके कारण पीड़िता उससे मिलने के लिए तैयार हो गई, व अपनी एक सहेली के साथ आरोपी सुरेश यादव से मिलने हेतु बाहर आ गई। आरोपी सुरेश यादव अपनी मोटर साइकल में था, तथा उसके द्वारा नाबालिक पीड़िता को जबरन अपनी मोटर साइकल में बैठा कर, एक सुने मकान में ले जाया गया। जहां नाबालिक पीड़िता के मना करने के बावजूद भी जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इस दौरान आरोपी सुरेश यादव का साथी आरोपी संजय यादव उम्र 21 वर्ष, उक्त सूने मकान के बाहर पहरेदारी कर रहा था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल नाबालिक पीड़िता की रिपोर्ट पर, थाना बगीचा में आरोपियों के विरुद्ध बी एन एस की धारा 137(2), 70(2) व पॉस्को एक्ट की धारा 4, 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था तथा नाबालिक पीड़िता का डॉक्टर से स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया है।

### 18 तक आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जाएगा वजन त्यौहार

**बलरामपुर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में पोषण व स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जाना है। जिसके तहत 9 से 18 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापना, पोषण स्तर की जांच एवं उनके अभिभावकों को पोषण संबंधित जानकारी दिया जाएगा। साथ ही गर्भवती महिलाओ, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं में एनिमिया के स्तर के जांच करना साथ ही पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाया जाएगा।

## ग्रुप कैप्टन शुभ्रांशु शुक्ला से रूबरू हुए जिले के 10 हजार विद्यार्थी

# अंतरिक्ष विज्ञान में अपार संभावनाएं, जशपुर के बच्चे भी आगे आएंः शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विज्ञान, नवाचार और राष्ट्र गौरव की अद्भुत छवि उस समय सजीव हो उठी जब भारत के अंतरिक्ष गौरव, भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं गगनयात्री शुभ्रांशु शुक्ला का बुधवार को जशपुर आगमन हुआ। उनके सम्मान में रणजीता स्टेडियम, जशपुर में 'इंडिया इन स्पेस' थीम पर अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के लगभग 10 हजार विद्यार्थियों ने सहभागिता कर इतिहास के साक्षी बने। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक तथा अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति जिज्ञासा जागृत करना था। इस अवसर पर शुभ्रांशु शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन में अपने 18 दिवसीय अंतरिक्ष प्रवास के अनुभवों को अत्यंत रोचक, सरल और प्रेरक अंदाज में साझा किया, जिसे बच्चों ने जिज्ञासु मन से गंभीरता और उत्साह के साथ सुना।

- अंतरिक्ष संगवारी कार्य्रकम में जशपुर ने देखा अंतरिक्ष विज्ञान का महासंगम
- जय जोहार से शुरू हुआ संवाद, जशपुर के बच्चों की सराहना की

अपने संबोधन की शुरुआत "जय जोहार"से करते हुए शुभ्रांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में अंतरिक्ष से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया है, लेकिन जशपुर में बच्चों का उत्साह और संख्या सबसे अधिक रही। यह दृश्य यह साबित करता है कि यहां के बच्चे विज्ञान और अंतरिक्ष को लेकर बेहद जागरूक और जिज्ञासु हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान में अपार संभावनाएं है। जशपुर के बच्चों में खूब जिज्ञासा और उत्साह है। यहां के बच्चे भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में पढ़ाई और शोध के लिए आगे आये। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि जीवन में कभी रुकना नहीं चाहिए, निरंतर मेहनत करते रहना चाहिए और छोटी असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि बचपन में उनके मन में अंतरिक्ष यात्री बनने का विचार नहीं था, क्योंकि उस समय जागरूकता और संसाधन सीमित थे। अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा से प्रेरणा लेकर उन्होंने पहले फाइटर पायलट बनने का लक्ष्य चुना और निरंतर परिश्रम से आगे बढ़ते हुए अंतरिक्ष यात्रा तक का सफर तय किया।

### बच्चों से किया रोचक संवाद

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष यात्री बनने की उनकी यात्रा से जुड़े कई प्रश्न पूछे। कक्षा 9वीं की छात्रा अनिशा भगत द्वारा अंतरिक्ष में जाने के संघर्षों पर पूछे गए सवाल के जवाब में श्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अनुशासन और निरंतर कड़ी मेहनत से व्यक्ति अपने किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। कक्षा 11वीं की छात्रा दीक्षा दास ने उनसे उनकी प्रेरणा के बारे में प्रश्न किया, जिस पर उन्होंने बताया कि भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा से उन्हें प्रेरणा मिली। कक्षा 12वीं की छात्रा सुष्मिता के प्रश्न अंतरिक्ष में जाकर सबसे अधिक आश्चर्यजनक अनुभव क्या रहा के उत्तर में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में सोने सहित सभी गतिविधियाँ गुरुत्वाकर्षण के विपरीत होती हैं, जो एक ओर कठिनाई पैदा करती हैं तो दूसरी ओर बेहद आश्चर्यजनक भी होती हैं। छात्र करण चौहान द्वारा अंतरिक्ष में दैनिक दिनचर्या के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने बताया कि सुबह उठने से लेकर सोने तक की पूरी दिनचर्या वैज्ञानिक पद्धति और तय कार्यक्रम के अनुसार होती है। कक्षा 11वीं के छात्र अनुज कुमार ने सीमित संसाधनों में तैयारी को लेकर प्रश्न किया, जिस पर श्री शुक्ला ने कहा कि आत्मविश्वास और मेहनत से सफलता निश्चित है। आज के समय में मोबाइल ज्ञान का खजाना है, इसका सही उपयोग कर छोटी-छोटी चीजों से भी बहुत कुछ सीखा जा सकता है। वहीं कक्षा 11वीं की छात्रा निवेदिता साहू के अंतरिक्ष में शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव संबंधी प्रश्न पर उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में कई तरह की शारीरिक चुनौतियाँ सामने आती हैं, लेकिन कड़ी ट्रेनिंग से उनका सामना किया जाता है। वहां हाइट बढ़ने लगती है, सिर भारी महसूस होता है, पर धीरे-धीरे शरीर इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना सीख जाता है।

### अंतरिक्ष की झलकः प्रदर्शनी से वीडियो तक

रणजीता स्टेडियम में चंद्रयान, मिशन मंगल, गगनयान सहित ब्रह्मांड और अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन स्वयं शुभांशु शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के दौरान उनके अंतरिक्ष सफर पर आधारित वीडियो एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखकर पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर सौरभ सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'द मैजिक ऑफ द नाइट स्काई'का विमोचन भी किया गया। साथ ही अंतरिक्ष क्विज, स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### अंतरिक्ष जीवन की सच्चाई

अंतरिक्ष के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वहां भी जीवन पूरी तरह अनुशासन और समय-सारणी से बंधा होता है। सुबह से लेकर रात तक हर गतिविधि निर्धारित होती है और अधिकांश समय वैज्ञानिक प्रयोगों में व्यतीत होता है। कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए कठोर प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे डर की जगह आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज के समय में मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से ज्ञान के असीम संसाधन उपलब्ध हैं। ऐसे में समय व्यर्थ न करें, अपने लक्ष्य को पहचानें और जिस भी क्षेत्र को चुनें, उसमें पूरी निष्ठा से कार्य करें।

**अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष गौरवः** उल्लेखनीय है कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को ए-एक्स-4 मिशन के दौरान असाधारण साहस और योगदान के लिए 77वें गणतंत्र दिवस पर अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। उनका यह संवाद जशपुर के विद्यार्थियों के लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सपनों को पंख देने वाला ऐतिहासिक क्षण बन गया, जिसने 'इंडिया इन स्पेस' के संदेश को जमीनी स्तर तक सशक्त रूप से पहुंचाया।

**इनकी उपस्थिति में हुआ कार्यक्रमः** कार्यक्रम में विधायक जशपुर रायमुनी भगत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड शंभूनाथ चक्रवर्ती, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, उपाध्यक्ष जिला पंचायत यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी लाल उमेद सिंह, डीएफओ शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक तथा हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### घोलेंग में ग्राउंड स्टेशन का किया शुभारंभ



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंग में अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने विद्यालय परिसर में स्थापित ग्राउंड स्टेशन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा का विशेष वातावरण देखने को मिला। इस ग्राउंड स्टेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की कार्यप्रणाली का वास्तविक एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। बच्चे यहां से सैटेलाइट की गतिविधियों को समझेंगे, डेटा कलेक्शन, उसका विश्लेषण और उपयोग करना सीखेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, विद्यालय के प्रिंसिपल दुर्गेश पाठक सहित विधायक के शिक्षक गण और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### देखा ग्रामीण पर्यटन का जीवंत स्वरूप



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जशपुर प्रवास के दौरान जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल देश देखा के समीप स्थित केरेगांव पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत विकसित होम-स्टे का भ्रमण किया। इस दौरान वे स्थानीय आदिवासी संस्कृति, जनजीवन और पारंपरिक आतिथ्य परंपरा से रूबरू हुए। होम-स्टे प्रवास के दौरान ग्रुप कैप्टन श्री शुक्ला ने देशदेखा समूह की महिलाओं द्वारा पारंपरिक विधि से तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। परंपरागत स्वाद और आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रवास में यह समय मेरे लिए सबसे यादगार रहा। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में विकसित होम-स्टे की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि स्थानीय महिलाओं और ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पीएमश्री सेजेस आत्मानंद स्कूल में मना वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पीएम श्री सेजेस आत्मानंद स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक उपलब्धियों का सुंदर संगम देखने को मिला। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

- विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा महामंत्री मनीष अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह, उपाध्यक्ष अजय बंसल, शाला विकास समिति अध्यक्ष संजय लोहिया, मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल सहित जीतू,सुरेश,संतोषी भारद्वाज, ममता यादव, उर्मिला, शीला ,भुनेश्वरी तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने मंच पर महाभारत महाकाव्य की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा "स्कूल चले हम" थीम पर प्रस्तुति, मनमोहक छत्तीसगढ़िया नृत्य, प्रेरक कविताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को खास बना दिया। बच्चों की प्रस्तुति में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीमवर्क स्पष्ट रूप से झलका, जिसे उपस्थित जनसमूह ने भरपूर सराहना दी।

मंच से संबोधित करते हुए अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए अभिभावकों से बच्चों को निरंतर प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन नीलांबर यादव एवं अलीशा ए. कुमार ने किया। अंत में विद्यालय की प्रिंसिपल तनु ठाकुर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि पीएम श्री सेजेस आत्मानंद स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति के संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत है।

### दसवीं बटालियन सिलफिली के समीप हुए सड़क हादसे में आरक्षक की मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर–बिश्रामपुर मुख्य मार्ग पर दसवीं वाहिनी बटालियन के समीप सोमवार की रात हुए सड़क हादसे में बिश्रामपुर थाने में पदस्थ वरिष्ठ पुलिस आरक्षक अभय पांडेय की दर्दनाक मौत हो गई,हादसा रात करीब 8:30 बजे हुआ,प्राप्त जानकारी अनुसार सरगुजा संभाग के पुलिसकर्मियों का वर्तमान में अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्रों में फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स चल रहा है,सूरजपुर जिले के ग्राम पचिरा निवासी अभय पांडेय भी दसवीं वाहिनी बटालियन में फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स कर रहे थे। सोमवार की रात वेअपनी बाइक से दैनिक उपयोग का सामान खरीदने ग्राम सिलफिली बाजार जा रहे थे,इसी दौरान एनएच-43 पर बटालियन के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### विधायक साय के प्रयास से सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति

**पत्थलगांव।** जिले का अंतिम छोर पर बसा पत्थलगांव सिविल अस्पताल में लगातार डॉक्टरों की कमी को लेकर नागरिकों द्वारा छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय एवं विधायक, सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष से डॉक्टरों की मांग की जा रही थी।



लोगों की मांग को देखते हुए विधायक गोमती साय सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पूर्ति के लिए लगातार प्रयासरत थी इसके बाद पत्थलगांव सिविल अस्पताल में गायनोलॉजिस्ट पारुल रेलवानी की पद स्थापना की गई है। पारुल रेलवानी इसके पूर्व रायपुर मेकाहारा अस्पताल में पदस्थ थीं। वहीं पारुल रेलवानी के पत्थलगांव सिविल अस्पताल में पदस्थ होने से महिलाओं के प्रसव से संबंधित समस्याओं के लिए अब यहां के लोगों को कहीं दूर जाने की आवश्यकता महसूस नहीं होगी। डॉक्टर पारुल रेलवानी ने कहा कि अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को भी जल्द ही सुधार कर ऑपरेशन भी किए जाएंगे वहीं पत्थलगांव में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की भी पदस्थापना की गई है एनेस्थीसिया विशेषज्ञ पूर्वशाधिकारी ने अपनी सेवाएं देने के लिए पदभार ग्रहण किया। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की स्थापना हो जाने से अब ऑपरेशन संबंधी कार्य सुचारू रूप से अस्पताल में होंगे। अस्पताल में में अभी भी हड्डी रोग विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट सहित कई डॉक्टरों की कमी बनी हुई है जिसके लिए भी नागरिकों द्वारा जल्द पूरा करने के लिए पत्थलगांव विधायक से मांग की है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा के लिए भटकना न पड़े।

### साय करेंगे मयाली-बगीचा विकास परियोजना का भूमिपूजन

# जिले को मिलेगी पर्यटन विकास की नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 की उप-योजना सीबीडीडी के अंतर्गत स्वीकृत मयाली-बगीचा विकास परियोजना का भूमिपूजन कार्यक्रम 5 फरवरी को ग्राम खंडसा (मयाली) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधिवत रूप से परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। मयाली-बगीचा विकास परियोजना के माध्यम से क्षेत्र की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं जनजातीय विरासत को संरक्षित करते हुए समुदाय आधारित पर्यटन को सशक्त किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और जशपुर जिले को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में नई पहचान प्राप्त होगी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री जिला जशपुर ओपी चौधरी एवं पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांसद, रायगढ़ लोकसभा राधेश्याम राठिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।



विशिष्ट अतिथियों के रूप में विधायक जशपुर रायमुनी भगत, विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण गोमती साय, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल रामप्रताप सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड शंभुनाथ चक्रवर्ती, अध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर सालिक साय, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी राज्य सहकारी वित्त एवं विकास निगम सुरेन्द्र कुमार बेसरा, सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग प्रियम्वदा सिंह जूदेव तथा उपाध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर शौर्य प्रताप सिंह जूदेव शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष जनपद पंचायत कुनकुरी सुशीला साय, अध्यक्ष जनपद पंचायत बगीचा गायत्री नागेश तथा सरपंच ग्राम पंचायत खंडसा उमेश्वर सिंह की उपस्थिति भी रहेगी।

### मुख्यमंत्री साय बगिया पहुंचे, आत्मीय स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को ग्राम बगिया, विकासखंड कांसाबेल पहुंचे। हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कैलेंडर का विमोचन



**पत्थलगांव।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लाक इकाई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण सह कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम पुरानी बस्ती प्राथमिक शाला के पुस्तकालय भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य थे। कार्यक्रम में छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय महासचिव टीकेश्वर भोय, प्रांतीय अनुशासन समिति की सदस्य रीता भगत, जिला कार्यकारिणी के सदस्य अजित सिंह सिदार सागर प्रसाद यादव, अमृता गुप्ता पंकज बेहरा रामभरोस चौहान, विकासखंड अध्यक्ष संतोष जाटवर, सचिव राजकुमारी भगत, कोषाध्यक्ष गणेश राम सिदार एवं विकास खंड कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, जोन पदाधिकारी, संकुल पदाधिकारी विकासखंड के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ओबीसी एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बने विवेक

**बिश्रामपुर।** ओबीसी कोल इम्प्लाइज



वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव मंगला सिंह यादव ने बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर विवेक यादव की नियुक्ति की है। इससे पूर्व यह दायित्व जयनंदन यादव के पास था, जिन्हें पारिवारिक कारणों से पद से मुक्त किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने विकास यादव की नियुक्ति पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन कर्मचारियों के हितों की रक्षा और सामाजिक विकास की दिशा में कार्य करता रहेगा,नियुक्ति की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधन को भी पत्र के माध्यम से दी गई है।

### भाजयुमो के बिश्रामपुर मंडल अध्यक्ष बने राजकुमार

**बिश्रामपुर ।** भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली



मनोहर सोनी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई।

इसी क्रम में बिश्रामपुर मंडल अध्यक्ष के रूप में राजकुमार यादव को नियुक्त किया गया है। वनियुक्त मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें दी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे

### सेवानिवृत्ति पर शर्मा को दी गई विदाई

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.यूपी शर्मा को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ.एजेन टोप्पो, वरिष्ठ स्टाफ डॉ.सुषमा भगत, डॉ.अलका जैन, डॉ.विश्वासी एक्का ने उनका स्वागत किया। डॉ.शर्मा ने 4 दशक तक महाविद्यालय में सेवाएं दी तथा कुशलता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। अंत में महाविद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ.शर्मा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रामाशीष तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ.विश्वासी एक्का ने किया। प्राचार्य एवं स्टाफ ने डॉ.यूपी शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### नियमित बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ता सम्मानित



**दरिमा।** विद्युत विभाग द्वारा ग्राम दरिमा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव जिपं सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, सरपंच गणेश सिंह, डॉ.केडी मिश्रा, सहायक यंत्री सुरजीत गुप्ता, उपयंत्री विराजन एक्का की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने बिजली बिल समय पर पटाने का आह्वान किया तथा हर महीने बिल पटाने वाले उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### क्रिकेट चयन ट्रायल में 56 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सरगुजा जिला क्रिकेट संघ द्वारा 1 फरवरी को संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चयन ट्रायल में छग स्टेट क्रिकेट संघ के महिला वर्ग के चयनकर्ता अनीश राठौर, सुश्री विद्या वर्मा, अविनाश सिंह तथा टेक्निकल के तौर पर श्री जीतेन्द्र टांग शामिल हुए। इस चयन ट्रायल में सरगुजा संभाग से जशपुर, पत्थलगांव, सूरजपुर, चिरमिरी, बैकुंठपुर, तथा अंबिकापुर से कुल मिलाकर 56 महिला खिलाडियों ने अपना ट्रायल दिया। यह चयन ट्रायल 15 वर्ष और 19 वर्ष के आयु वर्ग के खिलाडियों के लिये निर्धारित किया गया था। सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने बताया कि आने वाले समय में संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह की मंशा है कि अंबिकापुर में महिला क्रिकेट खिलाडियों के खेल में और अधिक निखार लाने के लिये आवश्यकता अनुसार उचित व्यवस्था किया जाएगा ताकि दूर दराज के खिलाड़ियों को नेशनल स्तर का प्रशिक्षण मिले। इसके लिए जिला मुख्यालय में महिला हॉस्टल की व्यवस्था कर निरंतर खिलाडियों को अभ्यास कराया जाएगा और आने वाले समय में सरगुजा जिला को महिला क्रिकेट खिलाडियों के गढ़ के रूप में जाना जाएगा।

### बाहर से आ रहे खोवा, पनीर दही की जांच हेतु टीम गठित, बिना लाइसेंस संचालित डेयरी दुकान कराया बंद

# अब शादी-विवाह में कैटरर्स को भी करानी होगी डेयरी उत्पादों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शहर में अब मिलावटी और गुणवत्ताहीन खोवा-पनीर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की योजना बनाई है। योजना के तहत शहर में आने वाले खोवा-पनीर की जांच की जाएगी। संचालकों को भी निर्देश किया गया है कि वे बिना बिल वाउचर के इसकी खरीद बिक्री न करें। वहीं अब शादी विवाह में उपयोग होने वाले खोवा पनीर, दही की भी जांच की जाएगी। कैटरिंग वालों द्वारा कम गुणवत्ता के खोवा पनीर की मंगाने की शिकायत के बाद अब यह सख्ती की गई है।

सरगुजा नकली खोवा, पनीर, दही का बाजार बन चुका है। शादी विवाह के सीजन के साथ ही विभिन्न होटलों में बड़े पैमाने पर खोवा पनीर के साथ ही डेयरी उत्पादों को खपाया जा रहा है। गुणवत्ताहीन खोवा, दही पनीर का लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। गुणवत्ताहीन मिलावटी डेयरी उत्पाद पड़ोसी राज्यों से मंगाया जा रहा है। इसके साथ ही बड़े पैमान पर लो ग्रेड मिल्क पाउडर वाले पानीर को खपाया जा है। हाल ही में प्रतीक्षा बस स्टैंड में बड़े पैमाने पर गुणवत्ताहीन पनीर व अन्य डेयरी उत्पाद की खेप बस से पहुंचने का मामला सामने आया था। दूसरे राज्यों से



गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री मंगवाई जा रही है। ऐसे में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावट की आशंका को दखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, चौक-चौराहे एवं अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड में ट्रांसपोर्ट से आने वाले बाहरी खाद्य पदार्थ जैसे-पनीर, खोवा, दही इत्यादि का जांच करने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी नितेश मिश्रा द्वारा टीम का गठन किया गया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी लक्ष्मी कान्त यादव के साथ ही नमूना सहायक टुलेश्वर सिंह, लैब टेक्नीशियन गौरव कुमार महंत, लैब अटेंडेंट ऋषि कुमार सहित 7 सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम 4 फरवरी से शहर के चौक चौराहों, यात्री बसों, रेलवे स्टेशन, होटलों में जाकर आने वाले खोवा, दही पनीर की जांच के लिए सैंपल लेगी। बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थ के बिल व्हाउचर्स का मिलान भी किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि शहर के छोटे होटल संचालकों के साथ ही शादी विवाह का टेंडर लेने वाले कैटर्स द्वारा ही गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। कैटर्स कम गुणवत्ता के डेयरी उत्पाद मंगवाते है। ऐसे में अब खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम सभी शादी-विवाह और पार्टियों में भी कैटर्स के द्वारा मंगवाए गए डेयरी प्रोडक्ट की जांच करेगी।

#### एक डेयरी दुकान कराया बंद

मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में निरीक्षण कर सभी बस काउंटर के आवक जावक पंजी की जांच की गई। बस संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे बिना जीएसटी बिल के किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थों को अन्य जिलों से सरगुजा जिले में ना लाया जाए अगर ला रहे है तो तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित किया जाए। इसके साथ ही जांच के दौरान बस स्टैंड में संचालित अनिल डेयरी की जांच की गई। जांच के दौरान बिना लाइसेंस के डेयरी का संचालन किए जाने की पुष्टि होने के बाद दुकान को बंद कराया गया है।

#### की गई है टीम गठित

छोटे होटल और कैटर्स की डिमांड पर गुणवत्ताहीन डेयरी प्रोडक्ट आ रहे है। इसलिए शादी विवाह के सीजन में कैटर्स के डेयरी प्रोडक्ट की जांच होगी। वहीं बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों की जांच के लिए भी टीम का गठन किया गया है। बिना लाइसेंस के संचालित एक डेयरी को बंद कराया गया है। गुणवत्ताहीन खोवा, पनीर, दही की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा।

-नितेश मिश्रा
खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी

## बलरामपुर जिले में कोचियों पर कार्रवाई 20 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त

**अंबिकापुर।** प्रदेश में धान खरीदी समाप्त हो चुकी है और इसके साथ ही अब समितियों में धान उठाव का कार्य शुरू हो गया है लेकिन इसके बीच बलरामपुर जिले में कोचियों और तस्करों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। जिले में धान खरीदी के दौरान 20 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है। इसके साथ ही प्रकरण में अब तक 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारियां भी की गई है। कार्रवाई के दौरान तस्करों के गिरोह द्वारा बड़े पैमाने पर किसानों के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर यूपी, बिहार का धान खपाए जाने का खुलासा भी हुआ है।



- जिले में 158 प्रकरणों में की गई कार्रवाई, 91 वाहन भी किए गए जब्त

बता दें कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई। धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी को समाप्त हो चुका है और अब समितियों में धान उठाव का कार्य चल रहा है। इस दौरान बलरामपुर जिले में समितियों में बड़े पैमाने पर अवैध धान खपाने वाले कोचियों, तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। चूंकि बलरामपुर जिले की सीमा से यूपी, झारखंड व एमपी की सीमाएं लगती है इसलिए तस्करों द्वारा जिले में दीगर राज्यों से धान लाकर खपाने का खेल बड़े पैमाने पर खेला जा रहा था। तस्करों द्वारा किसानों फर्जी दस्तावेजों के आधार पर समितियों में धान खपाने का काम किया गया है। इस दौरान बलरामपुर जिले में अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ सर्वाधिक कार्रवाई भी सामने आई है। आंकड़ों की बात की जाए तो बलरामपुर जिले में 15 नवम्बर से 31 जनवरी के बीच 45 हजार 611 किसानों से 3000685.20 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसके साथ ही अब तक 45611 किसानों को 710 करोड़ 86 लाख 24 हजार 38 रूपए मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। धान खरीदी के बाद जिले में उठाव का कार्य भी जारी है और अब तक मिलर्स द्वारा 857288.77 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है और मिलर्स द्वारा लगातार धान का उठाव जारी है। इस बीच बलरामपुर जिले में कोचियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई है। जिले में सर्वाधिक कोचियों की सक्रियता नजर आई और अवैध धान खपाने वालों पर कार्रवाई करने में भी प्रशासन को सफलता मिली। अवैध धान भण्डारण, परिवहन व बिक्री पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर बलरामपुर राजेन्द्र कटारा द्वारा गठित टीम द्वारा 158 प्रकरण में कुल 20 हजार 851 क्विंटल अवैध धान बरामद किया गया है। अवैध धान पर कार्रवाई के दौरान जिले में अवैध परिवहन में प्रयुक्त 81 चार पहिया तथा 10 दोपहिया सहित कुल 91 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही अवैध धान में संलिप्त 6 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज की गई है और कुछ कोचियों की गिरफ्तारी करने के साथ ही बड़े गिरोह का पर्दाफाश भी जिले में किया गया है।

## ग्राम स्वराज योजना के तहत जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्षों ने किया अध्ययन भ्रमण



**राजपुर।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण गुजरात में किया गया।

29 जनवरी से शुरू अध्ययन भ्रमण के तहत जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, ग्रामीण क्षेत्रों से किए जा रहे दुग्ध कलेक्शन की प्रक्रिया तथा कृषकों की भूमिका एवं आणंद जिले में स्थित अमूल डेयरी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात वडोदरा जिले की दुमाड़ ग्राम पंचायत का अध्ययन भ्रमण किया गया जहां विशेष रूप से ऑन-सोर्स रेवेन्यू के अंतर्गत संपत्ति कर वसूली की प्रक्रिया, प्रकाश कर, जल कर, व्यवसाय कर, सेवा शुल्क तथा सीएसआर फंड के प्रभावी उपयोग से ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विविध विकास कार्यों के माध्यम से पूरे गांव का कायाकल्प किए जाने का सफल मॉडल देखने को मिला तथा ग्राम पंचायत द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों को तय सीमा में प्राप्त करने का ब्लूप्रिंट और इस ब्लूप्रिंट को प्राप्त करने की प्रक्रिया का गहन विश्लेषण एवं अध्ययन किया गया। दुमाड़ ग्राम पंचायत द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए विशेष प्रयासों का अध्ययन कर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वयं के स्त्रोतों से प्राप्त आय से संचालित योजना एवं स्कूल की व्यवस्था का गहन अध्ययन किया गया। देवभूमि द्वारिका जिले के भ्रमण के अंतर्गत दो ग्राम पंचायतों नागेश्वर ग्राम पंचायत एवं गोरियाली ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम सभा सदस्यों से छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधियों से चर्चा कराई गई। प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण अंतिम दिन जिला पंचायत में जिपं सीईओ एबी पोनदोर के साथ जिला पंचायत में पंचायत विकास सूचकांक पर आधारित 9 थीम आधारित जिला पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया एवं लाइन विभाग की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई।

## चंदनपुर में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन

**रामानुजगंज।** शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त छत्तीसगढ़ के युवा थीम पर ग्राम चंदनपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, नशा मुक्ति तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।




समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने की। सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय के 80 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम चंदनपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं परिसर की साफ-सफाई की गई। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। समापन समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में यह एक सार्थक पहल है। इस दौरान समाजसेवी विकास दुबे, महाविद्यालय की प्राचार्य रोस लिली बड़ा, रमेश कुमार खैरवार,एसबी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## लांजित के विभिन्न बूथ स्तर पर चलाया मनरेगा बचाओ अभियान

**ओड़गी।** जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओड़गी मंडल कांग्रेस कमेटी ने लांजित अंतर्गत विभिन्न बूथ स्तर पर मनरेगा बचाओ अभियान कार्यक्रम चलाया। जिसमें ग्रामीण को मनरेगा योजना सरकार द्वारा जो बंद किया जा रहा है उसके बारे में बताया गया। लोगों ने बढ़ चढ़कर मनरेगा योजना का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र का मुख्य रोजगार का साधन मनरेगा है जिससे हमारी आर्थिक स्थिति



सुदृढ़ हुई है और यह निरन्तर जारी रहे। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष लांजित हिमेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में सेक्टर चिकनी, सेक्टर लांजित, सेक्टर भकुरा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सम्पन्न हुआ।

## अमानत में खयानत मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** बेईमानी पूर्वक अमानत में खयानत मामले में कोतवाली पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने 5 राज्यों के विभिन्न जिलों के टोल प्लाजा व प्रमुख स्थानों की सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी मदद से मुख्य आरोपी को पकड़ा।

- 5 राज्यों के टोल प्लाजा व प्रमुख स्थानों की सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से पकड़ा गया मुख्य आरोपी

पुलिस के मुताबिक ग्राम नयनपुर निवासी अमित पाण्डेय ने 14 जनवरी को कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके यूबी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नयनपुर से ट्रक क्रमांक यूपी 61 एटी 2832 के चालक राहुल सिंह यादव ने 30 टन 160 किलो सरिया लोड कर भदौरी उत्तर प्रदेश के लिए निकला था। जो बेईमानी पूर्वक अमानत में खयानत कर 15 लाख 23 हजार 908 रूपये का सरिया गायब कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 316(3) के तहत मामला पंजीबद्ध तलाश शुरू कर दी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन व एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में कोतवाल पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश के दौरान उत्तर प्रदेश के जिला चित्रकूट भरतकूप थाना क्षेत्र से ट्रक क्रमांक 61 एटी 2832 को बरामद किया गया। आरोपी चालक द्वारा वाहन स्वामी को दिया गया आधार कार्ड व ड्रायविंग लाईसेंस की जानकारी की तस्दीक कराई गई जिसमें दोनों फर्जी कूटरचित पाया गया। विवेचना में आरोपी राहुल सिंह यादव के संबंध में छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के कई जिलों के टोल प्लाजा व स्थानों से सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लगातार तलाश करने पर बरगवां जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश में दबिश देकर पकड़ा गया। आरोपी राहुल का असली नाम मनीष यादव आ. रामलखन यादव उर्फ अरुण सिंह वर्तमान पता डागा बरंगवा जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश व स्थाई निवासी ग्राम पोडी थाना मझौली जिला सीधी मध्य प्रदेश का होना पाया गया। घटना के संबंध में पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि अपने साथी सूरज सोनी व अन्य के साथ मिलकर लोड सरिया को सतना ले जाकर मनीष सिंह परिहार को 12 लाख रुपये में ब्रिकी किया है। प्राप्त राशि से सेकंड हैंड ट्रक क्रमांक सीजी 6 जीएक्स 9288 एवं मोबाइल खरीदना बताया।

## केतकी-गायत्री खदान में रोजगार और पर्यावरण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक को शीघ्र कार्रवाई की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के सह क्षेत्र केतकी, गायत्री, रेहर कोयला खदान क्षेत्र में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार न दिए जाने और अवैध वसूली के गंभीर आरोप सामने आया हैं। ग्राम पंचायत जोबगा, केतका, लाछा, पोड़ी, मानी एवं गेतरा के ग्रामीणों ने आरोप



लगाया है कि एसईसीएल के ठेकेदारों द्वारा कराई गई पचास दिवसीय बीटीसी ट्रेनिंग के बावजूद स्थानीय प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से वंचित किया जा रहा है, जबकि बाहरी लोगों से 70 से 80 हजार रुपये तक की अवैध राशि लेकर उन्हें काम पर रखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रेनिंग दिलाने के नाम पर भी प्रति व्यक्ति 10 से 15 हजार रुपये की अवैध वसूली की जाती है। कोयला उत्खनन का कार्य करने वाले एसईसीएल के अनुबंधित एसएमएस और गैनवेल कंपनियों के अधीन ठेकेदारों पर मनमानी का आरोप लगाया। खदानों में पानी के अत्यधिक छिड़काव से भारी मात्रा में कीचड़ सड़कों पर फैल रहा है, जिससे स्कूलों और घरों में कोयले की डस्ट भर रही है और ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने 5 फरवरी तक मांगें पूरी नहीं होने पर 6 फरवरी से केतकी खदान का मुख्य गेट बंद कर हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

## तीन दिवसीय मैत्रिक युगल बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

### सीनियर वर्ग में सीतापुर एवं जूनियर वर्ग में धरमजयगढ़ ने हासिल की जीत

**सीतापुर।** ग्राम चलता स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय मैत्रिक बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हुआ।इस प्रतियोगिता में सीनियर एवं जूनियर वर्ग में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। जिसमे सीनियर वर्ग में सीतापुर एवं जूनियर वर्ग में धरमजयगढ़ की टीम ने जीत हासिल करते हुए खिताब अपने नाम किया।

विदित हो कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम चलता स्थित इंडोर स्टेडियम में सीनियर एवं जूनियर वर्ग का तीन दिवसीय युगल मैत्रिक बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में रायगढ़ जशपुर सरगुजा समेत सूरजपुर जिले की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग का फाइनल मैच सीतापुर एवं पुलिस टीम अंबिकापुर के बीच खेला गया जिसमें सीतापुर के एसडीओपी राजेंद्र सिंह मंडावी एवं अनंतदेव सोनी की जोड़ी ने पुलिस




टीम को पराजित करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं धरमजयगढ़ के रुद्र और प्रशांत की जोड़ी ने कांसाबेल के कर्तव्य एवं शाद की जोड़ी को हराते हुए जूनियर वर्ग का खिताब अपने नाम किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को प्रतियोगिता के आयोजक एवं मुख्य अतिथि शैलेष सिंह ने नगद 5 हजार एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता पुलिस टीम को नगद 35 सौ रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान किया। जूनियर वर्ग के विजेता टीम को 11 हजार नगद एवं ट्रॉफी, उपविजेता को 7 हजार नगद एवं ट्रॉफी एवं तीसरा स्थान हासिल करने वाली टीम विश्रामपुर के पंकिल एवं प्रभाकर को 35 सौ नगद एवं ट्रॉफी मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शैलेश सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को एक मंच उपलब्ध कराना है ताकि वो खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से नये खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलता है। मेरी यही कोशिश रहेगी कि हर साल यह प्रतियोगिता आयोजित होता रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शिवभरोष बेक समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।


## श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों की उमड़ रही भीड़

**प्रतापपुर।** नगर में आयोजित सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस की भव्य कलश यात्रा से लेकर चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तक पूरा वातावरण वृंदावन की छटा से ओतप्रोत हो गया है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है।

कथा के प्रथम दिवस नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। द्वितीय एवं तृतीय दिवस कथा प्रवक्ता आचार्य सदानंद महाराज द्वारा भागवत महात्म्य, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र सहित भगवान श्री हरि की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। चतुर्थ दिवस का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव एवं भगवान के वामन अवतार का मनमोहक दृश्य झांकी के माध्यम से




प्रस्तुत किया गया। कंस के कारागार में देवकी के आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का सजीव चित्रण होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए, नृत्य किया और पुष्प वर्षा कर प्रभु के जन्मोत्सव का उल्लास मनाया। इस अवसर पर आयोजन के मुख्य यजमान छोटेलाल जायसवाल एवं श्रीमती कौशल्या जायसवाल ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर बधाइयां दी। कार्यक्रम में आयोजक अंबिका जायसवाल, राजेश जायसवाल, रुचि जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रंभा जायसवाल, राजेश गुप्ता, राम सेवक पैकरा, विनोद जायसवाल, कमलेश गुप्ता, संतोष जायसवाल, गिरीश पटेल, धनंजय गुप्ता, राजेश कश्यप, वासुदेव पांडे, हरिशंकर गर्ग, अंकुर जायसवाल, अजय जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता आदि उपस्थित रहे। अभिषेक कुशवाहा, पप्पल जायसवाल, विक्रम नामदेव, लाल बहादुर गुप्ता, लक्ष्मी ठाकुर, राहुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

## लाइफ Style

# तापसी एक बार फिर कोर्टरूम में

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।



## हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।



# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।

# नए गाने की तैयारी में जुटी अक्षरा...



*__मुंबई।__ भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस', और 'काला टीका' जैसे टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं।*

# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की गल' रिलीज

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा नहीं करना चाहिए। गीत के बोल बेहद सरल, मजेदार और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हुए हैं, जिस वजह से ये गाना हर उम्र के लोगों को पसंद आ रहा है। वीडियो में अपारशक्ति और तुलसी की केमेस्ट्री आकर्षक दिखाई गई है। इसमें कुछ शादी के सीन भी दिखाए गए हैं। गाने को साधारण लेकिन बेहद प्यारे अंदाज में पेश किया गया है, जिसमें न तो ज्यादा ड्रामा है और न ही कोई भारी-भरकम सेटिंग।

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो शुरुआती दिन बेहद कठिन थे। मैं लगातार खुद पर शक करती थी और अपने फैसलों को लेकर आश्वस्त नहीं थी। इस असमंजस से बाहर निकलने में मुझे काफी समय लगा। इंडस्ट्री को समझना, अपने आप को पहचानना और हालात को स्वीकार करना एक लंबी सीख की प्रक्रिया रही।'



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय सितारे

*__लॉस एंजिल्स।__ संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामांकन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।



### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो उनकी पहली नामांकन थी। भारत इस बार पुरस्कार से चूक गया, लेकिन इन कलाकारों की वैश्विक पहचान भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत और क्लासिकल, फ्यूजन और कंटेम्परेरी शैलियों में भारत का योगदान जारी है।

## खबर संक्षेप

### डालमिया सीमेंट संयंत्र में हादसा, श्रमिक की मौत

**राजगांगपुर।** डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड के राजगांगपुर स्थित संयंत्र में मंगलवार 3 फरवरी 2026 को एक दर्दनाक औद्योगिक दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई। हादसे से संयंत्र क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतक की पहचान भीखापाड़ा, कुटुनिया निवासी चंद्रों मींज के रूप में हुई है, जो डालमिया सीमेंट संयंत्र में कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को ट्रेन सेटिंग आगे पीछे करने के दौरान वह गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी हालत नाजुक हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद सहकर्मियों द्वारा चंद्रों मींज को आनन.फानन में पहले स्थानीय स्तर पर उपचार के लिए ले जाया गयाए इसके बाद उसे राऊरकेला स्थानांतरित किया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### ठेकेदार की मनमानी पर भड़के विधायक

**राउरकेला।** इस्पात नगरी क्षेत्र के सेक्टर.6 हॉकी स्टेडियम के समीप स्थित एक खाली भूखंड में आरएसपी द्वारा निर्माणाधीन परियोजना में लगे एक ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी उस समय सामने आईए जब वह अपने निजी स्वार्थ के लिए अपशिष्ट जल निकासी की व्यवस्था से छेड़छाड़ कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा परिसर के भीतर अपशिष्ट जल निकासी के लिए बनी नाली की दीवार को तोड़कर गंदे पानी को सेक्टर 6 की आवासीय बस्ती की ओर जाने वाली सार्वजनिक सड़क पर छोड़ा जा रहा था। उसी दौरान वहां से गुजर रहे रघुनाथपाली विधायक श्री दुर्गा चरण तंती की नजर इस पर पड़ गई। स्थिति को देखते ही विधायक ने मौके पर रुककर गहरी नाराजगी जाहिर की। विधायक श्री तंती ने घटनास्थल पर मौजूद ठेका कंपनी के प्रतिनिधि से सार्वजनिक सड़क पर नाली का गंदा पानी छोड़ने का कारण पूछा और कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल सड़क पर बह रहे गंदे पानी की निकासी बंद करवाई तथा भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सख्त निर्देश दिए।

### निर्धारित अवधि के बाद भी अधूरा पड़ा निर्माण

**राउरकेला।** शहर के प्रमुख आवासीय क्षेत्र बसंती कॉलोनी में चल रहा से अधिक पैकेज मैनहोल निर्माण कार्य अपनी निर्धारित समय.सीमा समाप्त होने के आठ महीने बाद भी अधूरा है। इस परियोजना को राउरकेला महानगर निगम द्वारा स्वीकृति दी गई थी और इसका कार्यकाल 4 महीने निर्धारित थाए जो अब काफी पहले समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद न तो निर्माण पूरा किया गया है और न ही संबंधित ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते सड़कें महीनों से खुदी हुई हैं, जिससे रोजाना स्कूली छात्रों, बुजुर्गों और अस्पताल जाने वाले मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। जगह जगह खुले मैनहोल और गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जब इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को रास्ता तक नजर नहीं आता।

### धरना, जुलूस, रैली के लिए परमिशन जरुरी

**रायगढ़।** जिले में सार्वजनिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार जिले में सर्व विविध, निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं अन्य संगठनों अथवा संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी प्रकार के सार्वजनिक आयोजनों के लिए जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में छत्तीसगढ़ शासन, गृह पुलिस विभाग, मंत्रालय महानदी भवनए नवा रायपुर अटल नगर के पत्र का संदर्भ देते हुए उल्लेख किया गया है कि कतिपय संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा बिना पूर्व अनुमति अथवा अनुमति प्राप्त करने के पश्चात आयोजन के स्वरूप में परिवर्तन कर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह स्थिति न केवल वांछनीय नहीं है, बल्कि इससे आम नागरिकों के दैनिक आवागमनए बाजार व्यवस्था एवं व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा कानून.व्यवस्था बिगड़ने की संभावना भी बनी रहती है।

दो साल पहले प्रशासनिक कारणों से जोड़ा गया था रायगढ़ में

# तमनार थाना दो साल बाद फिर धरमजयगढ़ अनुविभाग में, पुलिसिंग में आएगी कसावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दो साल बाद तमनार थाने को एक बार फिर से रायगढ़ अनुविभाग से हटाकर धरमजयगढ़ में ही जोड़ दिया गया है। पूर्व में किसी कारण से तमनार थाने को रायगढ़ अनुविभाग में शामिल किया गया था। अब फिर से धरमजयगढ़ में शामिल किया गया है। जिले में पुलिसिया कामकाज को सुचारू बनाने के लिए किए गए हालिया प्रशासनिक फेरबदल के बाद अब जमीनी स्तर पर सख्ती दिखने लगी है।

■ धरमजयगढ़ अनुविभाग में जुड़ते ही तमनार थाने पहुंचे एसडीओपी

इस बदलाव के तत्काल बाद एसडीओपी सिद्धार्थ तिवारी ने मंगलवार को तमनार थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार तमनार थाना पूर्व में भी धरमजयगढ़ अनुविभाग का हिस्सा था, लेकिन बीते 2 सालों से इसे प्रशासनिक कारणों से रायगढ़ अनुविभाग के साथ जोड़ दिया गया था। अब दोबारा पुराने सेटअप में वापसी के साथ ही पुलिसिंग की कड़ियां जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी ने थाने के रिकॉर्ड्स, पेंडिंग मामलों और सुरक्षा इंतज़ामों का बारीकी से जायजा लिया। एसडीओपी सिद्धार्थ तिवारी ने आधुनिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि केवल फिजिकल गश्त काफी नहीं है। उन्होंने पुलिस स्टाफ को वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी तकनीकी टूल्स जैसे त्रिनयन एप, सशक्त एप और आई रेड पर प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए। इन एप्स के माध्यम से अपराधियों के डेटाबेस और सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण में मदद मिलेगी।



तमनार थाने के निरीक्षण में पहुंचे एसडीओपी सिद्धार्थ तिवारी।

**औद्योगिक क्षेत्र में चुनौतिंया अलग**

तमनार के औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहाँ की चुनौतियां अलग हैं। इसे ध्यान में रखते हुए एसडीओपी ने सख्त हिदायत दी है कि ट्रैफिक जाम भारी वाहनों के कारण आम जनता को परेशानी न हो। इसके लिए ट्रैफिक प्लान दुरुस्त किया जाए साथ ही क्षेत्र में नशा, जुआ, सट्टा और चोरी जैसी अवैध गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाए। किसी भी स्थिति में शांति भंग न हो इसके लिए पूरे स्टाफ को एक्टिव मोड में रहने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीओपी ने लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा कर आम जनता को न्याय दिलाने की बात कही।

पूर्व में तमनार थाना धरमजयगढ़ अनुविभाग में ही था। कुछ कारणों से रायगढ़ अनुविभाग में शामिल किया गया था। अब पूर्व की भांति तमनार थाना धरमजयगढ़ क्षेत्र में ही शामिल हो गया है। यहां कुछ बल की कमी है जिसे पूरा करने की कोशिश की जा रही है।
सिद्धार्थ तिवारी, एसडीओपी धरमजयगढ़

# धान खरीदी में गड़बड़ी बिचौलियों ने किया घालमेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



कूड़ेकेला सहकारी समिति क्षेत्र में धान खरीदी का समाप्त हो गया, लेकिन इस दौरान किसानों से अधिक बिचौलियों और दलालों को लाभ मिलता दिखा। फसल उत्पादन कम होने के बावजूद नया पुराना व ग्रीष्मकालीन धान खुले बाजार से एकत्र कर समितियों व मंडियों में खपाया गया, जिससे शासन प्रशासन की रोकथाम व्यवस्था विफल साबित हुई। शासन ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी की घोषणा की थी, परंतु पटवारियों की अनावरी रिपोर्ट के आधार पर खरीदी होती रही।

कम उत्पादन के बावजूद मंडियों में अंतिम समय तक धान की आवक बनी रहीए क्योंकि कई किसानों ने बाहर से धान खरीदकर अपने रकबे की पूर्ति की। कुडेकला समिति में सहायक प्रबंधक पर नियमों को दरकिनार कर धान खरीदी के आरोप लगे। एक ओर छाल सहायक प्रबंधक ठंडा राम बहेरा को निलंबित किया गया, वहीं अन्य मामलों में कार्रवाई न होने से प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए। बेहरामार निवासी किसान वीरेंद्र राठिया से अमानक धान के नाम पर कथित रूप से 50 हजार रुपए की मांग का आरोप लगा। तहसीलदार के पहुंचने के बाद भी 404 कट्टा में से केवल 90 कट्टा खरीदा गया, 235 कट्टा जब्त कर लिए गए, जबकि शेष 79 कट्टा का कोई स्पष्ट विवरण सामने नहीं आया। इसी तरह गजईपाली की महिला कृषक समिति से भी अवैध मांग के आरोप लगे। पहले अमानक बताकर 300 कट्टा धान लेने से इनकार किया गया, लेकिन शिकायत के बाद वही धान खरीदा गयाए जिससे पूरे प्रकरण पर संदेह गहराया। 12 जनवरी को मंडी में मिलर मंडी गठजोड़ का वीडियो सामने आयाए लेकिन जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाकर मामला दबा दिया गया। समिति में लंबे समय से जमे अधिकारियों, रिश्तेदारी व गांव के दबदबे के कारण कोई खुलकर शिकायत करने को तैयार नहीं है।

# 4 साल बाद हुई मां चंद्रहासिनी अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता



**विजेता पुरुष एवं महिला टीमों को आकर्षक पुरस्कार**


प्रथम पुरस्कार 51 हजार श्री गोपाल महाप्रभु एवं मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार स्व. गोपाल अग्रवाल की स्मृति में आयुष अनुज अग्रवाल द्वारा, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रु स्व. संजय कुमार अग्रवाल की स्मृति में मनोज ट्रेडर्स चंद्रपुर द्वारा एवं चतुर्थ पुरस्कार 11 हजार अनिल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत चंद्रपुर सुनील ऑटो पार्ट्स चंद्रपुर के द्वारा।

**चंद्रपुर।** सक्ति जिले के अंतिम छोर में स्थित धार्मिक नगरी चंद्रपुर में विराट रूप में मां चंद्रहासिनी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का 2 फरवरी को शुभारंभ हुआ। जिसमें देशभर के कई राज्यों से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों की टीम का हो रहा ओपन चैलेंज वाली दंगल कबड्डी। श्री विराट रूप में मां चंद्रहासिनी कबड्डी समिति चंद्रपुर के तत्वाधान में स्व. गोपाल अग्रवाल की स्मृति में समस्त नगर वासियों के सहयोग से पुरुष एवं महिला अंतर्राज्यीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कमल किशोर पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष जिला सक्ति द्वारा किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से मां चंद्रहासिनी ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल एवं चंद्रपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष और देवांगन और समस्त पार्षदगण, विशिष्ट अतिथि के रूप में अदानी पावर प्रोजेक्ट के धनंजय सिंह एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव आकाश मिश्रा तथा समस्त भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण तथा चंद्रपुर कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन समिति के समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे। चंद्रपुर नगर के आसपास लगे सभी गांवों से आ रहे दर्शकों की भीड़ एवं दर्शकों के मन में उत्साह उमंग देखने को मिल रही। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई हैए जिससे खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सारंगढ़ के आकाश को मिली हावड़ा पुलिस कमिश्नर की जिम्मेदारी

**सारंगढ़।** सारंगढ बिलाईगढ जिले व सारंगढ नगर के माटी पुत्र आकाश मगरिया जिनका जन्म सारंगढ़ नगर के बड़े मठपारा निवासी मोहन दत्त मगरिया आयुर्वेद चिकित्सक के यहां हुआ। अपनी शुरुआती शिक्षा सारंगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई वबचपन से ही मेधावी छात्र रहे आकाश मगरिया ने अपनी मेहनत व दृढ इच्छा शक्ति बलबूते से एक मुकाम हासिल किया और आकाश का चयन बतौर आईपीएस पश्चिम बंगाल में हुआ। जहां एएसपी के पद पर सिलिगुड़ी में नियुक्ति के पश्चात पश्चिम बंगाल के कई जिले में पुलिस अधीक्षक का कार्यकाल पूरा किया। जिसमें कोलकाता के साथ ही कई बड़े जिले में बतौर पुलिस अधीक्षक रहे। इसके बाद बतौर डीआईजी पश्चिम बंगाल का दायित्व मिला, जिसमें आकाश मगरिया ने डीआईजी रहते कुशलतापूर्वक कार्य करने के साथ ही लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई। परिणामस्वरूप आकाश मगरिया को हावड़ा का पुलिस कमिश्नर बनाया गया। जहां 02 फरवरी को बतौर पुलिस कमिश्नर संभाला पदभार व साथ ही पश्चिम बंगाल सारंगढ़ बिलाईगढ जिले व सारंगढ़ नगर के गौरव आई पी एस आकाश मगरिया को हावड़ा का सीटी कमिश्नर बनाया गया है। जिससे पूरे जिले के साथ ही सारंगढ नगर में सारंगढ़ नगर के गौरव माटी पुत्र आकाश मगरिया को सारंगढ़ के वरिष्ठ नागरिक व्यवसायी कुमार बानी नंदकिशोर केजरीवाल कृष्ण कुमार केसरवानी अध्यक्ष केसरवानी समाज सारंगढ़ ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ, प्रसाद पाने उमड़े श्रद्वालु

**जशपुरनगर।** विशाल कलश यात्रा के साथ ही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा का यह आयोजन 11 फरवरी तक चलेगा। श्रद्वालुओं को कथा का अमृतपान कराने वृद्वावन के कथावाचक करूणा शंकर महाराज हैं। कलश यात्रा में शामिल होने के लिए शहर और इसके आसपास के ग्रामीण अंचल से श्रद्वालु महिला पीले वस्त्र धारण कर पहुंची थी।

महिलाओं ने शहर के सती उद्यान तालाब में स्थित पक्कीडांड़ी के पवित्र कुंड से कलश में जल भर कर बालाजी मंदिर में एकजुट हुई। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य यजमान डा प्रजापति और उनकी पत्नी पूजा अर्चना कर भगवान बालाजी का आर्शीवाद लेने के पश्चात कलश यात्रा श्रीहरि कीर्तन भवन के लिए रवाना हुई। देवी मंदिर से महाराजा चैक,हनुमान मंदिर चैक होते हुए कलश यात्रा हरिकीर्तन भवन पहुंच कर संपन्न हुई। कलशयात्रा के दौरान कलशयात्रा पथ मार्ग ढोल नगाड़े, भगवान श्रीकृष्ण, भगवान बालाजी एवं मां काली के जयकारे से गुंजायमान हो रहा था। यहां कथाकार करूणा शंकर के नेतृत्व में पुरोहितों के दल ने पक्कीडांड़ी के पवित्र जल से पूजा व कथा स्थल का शुद्वीकरण करने के बाद देव स्थापना और संकल्प की प्रक्रिया पूरी कराई। कलश यात्रा के आयोजन में मातृ शक्ति का विशेष योगदान रहा।



**भंडारा में प्रसाद लेने जुटे श्रद्वालु**

कलश यात्रा संपन्न होने के बाद श्रीहरि कीर्तन भवन में विशाला भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्वालुओं का तांता लगा रहा। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम तक चलता रहा। आयोजन समिति के स्वयं सेवक श्रद्वालुओं को पूरी तन्मयता के साथ प्रसाद वितरण करते रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवा संगम का आयोजन

**कोसीर।** बीते 1 फरवरी को सारंगढ़ स्थित पं. लोचन प्रसाद शासकीय महाविद्यालय में संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवाओं के मन में देश भक्ति की भावना जागृति को लेकर युवा संगम का आयोजन किया गया था। जिसमें 5 सौ से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया।

उक्त आयोजन में गांव गांव से युवक युवतियों ने हिस्सा लिया। युवा संगम में युवाओं ने अपनी जिज्ञासा भी सभी के बीच रखी जिसका जवाब समिति सदस्यों व संघ पदाधिकारियों के द्वारा प्रदान किया गया और उनकी जिज्ञासा को समाप्त किया गया। युवा संगम कार्यक्रम की तैयारी बीते कई दिनों से लगातार चल रही थी। प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हुए पंजीयन में लगभग 500 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। युवक युवतियों के अलग अलग दल बना दिये दिए और उनके मन में उठ रहे जिज्ञासाओं को जाना गया। तदोपरांत आयोजन समिति के सदस्यों ने युवाओं के साथ भोजन भी किया। उसके बाद वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से देश व महापुरूषों के बारे में युवाओं को जानकारी प्रदान की गई। विडियो प्रस्तुती के बाद आनंद सभा का आयोजन भी किया गया था जिसमें राष्ट्र भक्ति के गीतों में युवा जमकर झुमे और आनंद लिये। आनंद सभा के बाद गांव गांव से आए हुए युवाओं की जिज्ञासा का समाधान किया। तदोपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।



# कार्मिक प्रबंधक बरौद ओमकार को दी गई विदाई

**रायगढ़।** उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय बरौद में 31 जनवरी को सेवा मुक्त हो चुके कार्मिक प्रबंध ओमकार सिंह के विदाई समारोह में उपस्थित उपक्षेत्रीय प्रबन्धक बरौद एवं बिजारी अवधेश कुमार झा खान प्रबंधक बरौद विनय कुमार नायक, खान प्रबंधक बिजारी एन मलेश, आलोक सिंह एवम आनंद बाबू सीविल इंजीनियर, एस के सूर्यवंशी सचिव ठडै, रमेश केवट सचिव सीटू, सुरेश कुमार गुप्ता सचिव इंटक, सूंदर लाल गुप्ता सचिव इंटक एवं बरौद उप क्षेत्र के सभी अधिकारी एवम कर्मचारी की उपस्थिति में बिदाई समारोह को भब्यता के साथ मनाया गया। रायगढ क्षेत्र में इनका कार्य काल जनवरी 2017 से 31 जनवरी 2026 तक का रहा। इनके कार्य काल मे बरौद कालोनी को एक नई रूप रेखा मिली जो पहले कभी नही हो पाई थी। इन्होंने संस्थान में कार्यरत्त सभी कर्मचारियों के सुविधाओं को हमेशा प्राथमिकता दिए।



# वर्तमान जरुरतों के साथ भविष्य की आश्यकताएं पूरी करेगा बजट: अमर

**रायगढ़।** केंद्रीय बजट को लेकर मंगलवार को पूर्व वित्त मंत्री और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने मीडिया को संबोधित किया और बजट की खुबिंया बताई। उन्होंने कहा कि खोखले बयानबाजी और वादों के बजाय बजट में सुधार को प्राथमिकता दी गई।

बजट में बड़ी-बड़ी बातें करने की बजाय बजाय जमीन पर ठोस बदलाव या व्यावहारिक सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिससे वर्तमान पीढ़ी की आवश्यता पूरी होने के साथ साथ भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में आसानी हो। बजट की विशेष उपलब्धियां पूर्व वित्त मंत्री अमर अग्रवाल ने नीजि होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया के जरिए आम जनता से कही। अमर अग्रवाल ने कहा यह बजट विकसित भारत की बुनियाद को मजबूत करेगा। भविष्य की नीतियों को बनाने के लिए मौजूदा व्यवस्थाओं में सुधार लाने आवश्यक बदलाव, संशोधन या संरचनात्मक सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।इस बजट से एक बात स्पष्ट हो गई है कि सरकार नीतिगत सुधारों को अधिक महत्व दे रही है। अमर अग्रवाल ने केंद्रीय बजट 2026–27 को युवा शक्ति, सुधार और राष्ट्र निर्माण का बजट बताया। इस बजट में सरकार ने देश की संभावनाओं को प्रदर्शन में बदलने हेतु तय तीन पवित्र कर्तव्यों में उत्पादकता और ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज़ और टिकाऊ बनाने, जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर, उन्हें समृद्धि का मजबूत भागीदार बनाने, सबका साथ, सबका विकास के विज़न को साकार करने का निर्णय लिया ताकि हर क्षेत्र और समुदाय को अवसर मिलें।



**सड़क, रेल जैसे सेक्टरों में आर्थिक तंगी नहीं**

इस बजट में 12.2 लाख करोड़ कैपेक्स, प्रावधान से सड़क, रेल, एयरपोर्ट, ऊर्जा आदि सेक्टर यूपीए जैसी आर्थिक तंगी से नहीं गुजरेंगे। मैन्युफैक्चरिंग और स्ट्रैटेजिक सेक्टर्स में 5 साल में 10 हजार करोड़ का प्रावधान से भारत ग्लोबल बायोफार्मा हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएगा, युवाओं के लिए हाई-क्वालिटी आरओडी और मैन्युफैक्चरिंग जॉब्स के अवसर बनेंगे। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0: आईएसएम 1.0 से स्केल-अप, इक्विपमेंट, मटेरियल्स, फुल-स्टैक आईपी, स्किल सेंटर्स, नेक्स्ट जेन मैन्युफैक्चरिंग और हाई-वैल्यू इंजीनियरिंग करियर सुरक्षित होंगे।

# चांदन में विद्युत विभाग का रजत जयंती महोत्सव

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की स्थापना के रजत जयंती अवसर पर कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम चांदन में 2 फरवरी को विद्युत विभाग द्वारा रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित विद्युत संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम उपभोक्ताओं तक प्रभावी रूप से पहुंचाना रहा।

समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, महिला.पुरुष उपभोक्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुश्री दामिनी कुंजाम एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता सकूल पोर्ते रहीं। अतिथियों का स्वागत विद्युत विभाग की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने नागरिकों से सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग, बिजली की बचत तथा विद्युत व्यय में कमी लाने की अपील की। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने एवं विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त